

मिशेल मार्श की जगह जोश इंगलिस को जगह

मिशेल मार्श की जगह जोश इंगलिस को जगह दी गई है, जो बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे जबकि मैथ्यू वेड विकेटकीपर होंगे। इंग्लैंड के लीड्स में जन्मे इंगलिस का यह ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू मैच होगा। उन्हें टी20 वर्ल्ड कप की टीम में भी जगह मिली थी, लेकिन किसी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला। जस्टिन लैंगर के हटने के बाद एंड्रयू मैकडोनाल्ड टीम के अंतरिम कोच हैं। फिंच ने उन्हें स्थायी कोच बनाये जाने का समर्थन किया है। सीरीज का दूसरा मैच रविवार को, तीसरा अगले मंगलवार को और आखिरी दो मैच 18 तथा 20 फरवरी को खेले जाएंगे।

## इंग्लैंड में जन्मा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के लिए करेगा डेब्यू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच 5 मैच की टी20 सीरीज की शुरुआत शुक्रवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर होगी। नवंबर में टी20 वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद यह ऑस्ट्रेलिया का पहला टी20 मुकाबला होगा। वहीं पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के पद छोड़ने के बाद यह टीम का पहला मैच है। इस साल ऑस्ट्रेलिया में ही टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मैच अक्टूबर–नवंबर में होने वाले टूर्नामेंट की तैयारी शुरू करेगी। ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज के पहले मैच के लिए अपने प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। सीरीज के पहले ही टीम में टी20 वर्ल्ड कप के हीरो डेविड वॉर्नर और फाइनल के मैन ऑफ द मैच मिचेल मार्श को जगह नहीं मिली थी। वॉर्नर की जगह बेन मैकडरमोट कप्तान आरोप फिंच के साथ पारी का आगाज करेंगे । मैकडरमोट ने हाल ही में समाप्त हुई बिग बैश लीग में 48 की औसत और 153 की स्ट्राइक रेट से 577 रन बनाए थे। उनके बल्ले से लगातार दो मैच में दो शतक निकले थे।

# टीम इंडिया की नजर कैरेबियाई टीम की क्लीन स्विप पर लगी

क्रिकेट

## तीसरे वनडे के लिए इन खिलाड़ियों को प्लेइंग में मिल सकता है मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे मैच में हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2–0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली। अब दोनों देशों के बीच तीसरा वनडे मुकाबला बुधवार को खेला जाएगा जिसमें टीम इंडिया की नजर कैरेबियाई टीम की क्लीन स्विप पर लगी होगी। दूसरे वनडे मुकाबले के बाद टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने साफ कर दिया था कि शिखर धवन की अगले मैच में वापसी हो जाएगी यानी इससे साफ हो गया है कि तीसरे वनडे मुकाबले में रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज धवन ही करेंगे।

दूसरे वनडे में रोहित के साथ पारी का आगाज रिषभ पंत ने किया था, लेकिन रोहित ने साफ कर दिया था कि ये सिर्फ इस मैच के लिए ही था और धवन के आने के



बाद ऐसा नहीं होगा। अब शिखर धवन के आने के बाद उन्हें प्लेइंग इलेवन में मौका दिया जाएगा और हो सकता है कि इस स्थिति में दीपक हुडा को बाहर बैठना पड़े। इसके अलावा रोहित शर्मा अगर अपना बेंच स्ट्रेंथ आजमाना चाहें तो इसके लिए भी काफी खिलाड़ी तैयार बैठे हैं। कुलदीप यादव पिछले दो मैच से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं ऐसे में हो सकता है कि उन्हें आजमाया जाए।

भारत वनडे सीरीज अपने नाम कर चुका है ऐसे में तेज गेंदबाज आवेश खान को भी आजमाया जा सकता है साथ ही स्पिनर रवि बिश्नोई भी को भी मौका मिल सकता है। अगर तीसरे मैच में कुलदीप और रवि को मौका मिलता है तो इस स्थिति में सुंदर और चहल का बैठाया जा सकता है। वहीं अगर आवेश खान को मौका दिया जाता है तो मो. सिराज को बैठना पड़ सकता है। वैसे रोहित शर्मा की निगाहें क्लीन स्विप पर हैं ऐसे में ये भी हो सकता है कि वो शिखर धवन के अलावा टीम में किसी भी तरह का बदलाव ना भी करें।

**तीसरे वनडे के लिए टीम इंडिया की संभावित प्लेइंग इलेवनः** रोहित शर्मा (कप्तान), शिखर धवन, विराट कोहली, केएल राहुल, रिषभ पंत (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, वाशिंगटन सुंदर,कुलदीप यादव, शार्दुल ठाकुर, मो. सिराज,आवेश खान, युजवेंद्रा चहल,रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा।

# जाने–माने डब्लू डब्लू ई रेसलर द ग्रेट खली बीजेपी में हुए शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मशहूर रेसलर और ऐक्टर द ग्रेट खली गुरुवार को बीजेपी में शामिल हो गए। उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और लोकसभा सांसद सुनीता दुग्गल की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। खली का असली नाम दिलीप सिंह राणा है। खली ने करीब 3 महीने पहले आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की थी।

21 नवंबर 2021 को दोनों की मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में ये अटकलें जोर पकड़ने लगी थी कि खली जल्द ही आम आदमी पार्टी में शामिल



होकर सियासी पारी शुरू कर सकते हैं। लेकिन तमाम अटकलों को गलत साबित करते हुए खली ने सियासी पारी शुरू तो की लेकिन बीजेपी के साथ।

बीजेपी में शामिल होने के बाद खली ने पत्रकारों से कहा, मैं बीजेपी में शामिल होकर खुश हूं। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश के लिए किया गया काम उन्हें सही पीएम बनाता है। इसलिए मैंने सोचा कि देश के विकास के लिए उनका हाथ मजबूत करें। मैं बीजेपी की राष्ट्रीय नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुआ हूं।

खली ने कहा कि पार्टी उन्हें जो भी भूमिका देगी, उसमें वह काम करने को तैयार हैं। उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, पीएम मोदी की विचारधारा देश को आगे ले जाने वाली विचारधारा है। मुझे पार्टी जो भी दायित्व देगी मैं उसे पूरा करूंगा।

## मैच के दौरान ही साथी खिलाड़ी को डांटने लगे रोहित शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में बल्ले से फेल रहे। वे सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन कप्तानी के लिए रोहित की हर तरफ तारीफ हो रही है। उन्होंने सही मौकों पर गेंदबाजी में बदलाव किए, जिसकी वजह से वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को सेट होने का मौका नहीं मिला। भारत ने सिर्फ 237 रन के स्कोर को डिफेंड कर वेस्टइंडीज को दूसरे मैच में 44 रन से हराया। रोहित शर्मा को महेंद्र सिंह धोनी की तरह काफी कूल माना जाता है। वे मैदान पर हमेशा शांत रहकर फैसले लेते हैं, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान वे युजवेंद्र चहल पर काफी नाराज हो गए। वैसे तो चहल को रोहित का करीबी माना जाता है। घटना वेस्टइंडीज की पारी के 45वें ओवर की है। वॉशिंगटन सुंदर गेंदबाजी के लिए तैयार थे और रोहित फील्डिंग सेट कर रहे थे। तभी रोहित को लगा की चहल तेजी से नहीं दौड़ रहे हैं, जिसके बाद रोहित ने कहा, क्या हुआ तेरे को, भाग क्यों नहीं रहा है ठीक से? चल उधर भाग।

## न्यूज डायरी




## दीपक हुड्डा का सपना था विराट कोहली से कैप लेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। भारतीय ऑलराउंडर दीपक हुड्डा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में इंटरनेशनल डेब्यू किया। उन्होंने पहले मैच में 26 रनों की पारी खेली थी। दूसरे मैच में भी दीपक ने मुश्किल समय में आकर 29 रन बनाए थे। उनके दूसरे मैच में गेंदबाजी करने का भी मौका मिला, उन्होंने अपने करियर की पहली ही गेंद पर विकेट ले लिया। दीपक ने कहा कि डेब्यू कैप विराट कोहली से हासिल करने से उनका बचपन का सपना सच हो गया। हुड्डा का हमेशा से सपना भारत के लिए खेलना और एमएस धोनी या विराट कोहली से पदार्पण कैप पाना था। उन्होंने वेस्टइंडीज पर दूसरे वनडे में 44 रन से जीत के बाद 'बीसीसीआई टीवी' पर सूर्यकुमार यादव से बात करते हुए कहा ,'पहले वनडे में मैंने भारत के लिये डेब्यू किया। यह अद्भुत अहसास था। इस टीम का हिस्सा होना बहुत बड़ा सम्मान है। पहले भी जब मैं टीम में आया तो विराट भाई नहीं थे। मैने बड़े होते हुए उन्हें एक लीजैंड बनते देखा।

## फैसले मैंने लिए, इसका श्रेय किसी और ने लियाः रहाणे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय टेस्ट टीम के प्रमुख बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे का बल्ला काफी समय से शांत है। उन्होंने दिसंबर 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट शतक लगाया था। उसके बाद से वे लगातार जूझ रहे हैं, जिसकी वजह से रहाणे को टीम से बाहर करने की भी मांग हो रही है। इसके साथ ही श्रेयस अय्यर और हनुमा विहारी जैसे खिलाड़ियों ने लगातार अच्छा किया है। इसने रहाणे पर दबाव बढ़ा दिया है, लेकिन अजिंक्य रहाणे का कुछ और ही सोचना है। पूर्व भारतीय टेस्ट उपकप्तान अजिंक्य रहाणे का कहना है कि जो लोग खेल के बारे में नहीं जानते वहीं उन्हें टीम से बाहर करने की बात करते हैं। रहाणे ने बैकस्टेज विद बोरिया शो में कहा, ऐमैं बस मुस्कुराता हूं जब लोग कहते हैं कि मेरा करियर खत्म हो गया है, जो लोग खेल को जानते हैं वे इस तरह बात नहीं करते हैं। सभी जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया में क्या हुआ था या उससे पहले भी, रेड गेंद में मेरा योगदान।

## ओडेन स्मिथ के खिलाफ इस गेंदबाज को आजमाने के लिए सराहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के विकेटकीपर–बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने रोहित शर्मा की वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में वाशिंगटन सुंदर से 45वां ओवर करवाने के लिए तारीफ की है, जब ओडियन स्मिथ क्रीज पर थे। अहमदाबाद में दूसरे एकदिवसीय मैच के अंतिम छह ओवरों में जीत के लिए वेस्टइंडीज को 48 रनों की जरूरत थी, जबकि दो विकेट शेष थे। अपनी पारी में दो छक्के और एक चौका लगाकर स्मिथ खतरनाक दिखाई दे रहे थे। आफ स्पिनर सुंदर का पिछला स्पैल कुछ खास नहीं रहा था। इसके रोहित ने उनपर विश्वास दिखाया और युवा गेंदबाज उनके विश्वास पर खरा उतरा। उन्होंने इस ओवर में केवल तीन रन दिए और स्मिथ को पवेलियन भेज दिया। कार्तिक ने क्रिकबज पर चर्चा के दौरान कहा, मुझे वास्तव में रोहित के सुंदर को लाने का कदम पसंद आया, जब ओडियन स्मिथ अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। वह एक साहसी कदम था।

## पंत की ओपनिंग का रिकार्ड शानदार, राहुल द्रविड़ ने दिया था मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत ने दूसरे वनडे में नई ओपनिंग जोड़ी को आजमाया। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को भेजा गया था। केएल राहुल को होने के बाद भी कोच राहुल द्रविड़ ने उनको यह मौका दिया, जिसको लेकर कुछ लोगों ने हैरानी जताई। लेकिन यह पहला मौका नहीं था जब कोच द्रविड़ ने पंत से पारी की शुरुआत कराई है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जा रही तीन मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत ने 44 रन से जीत हासिल की।